CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 135 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार ,03 नवम्बर, 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राजस्थान में न्याय व्यवस्था को नई दिशा देने की पहल, सीएम भजनलाल शर्मा बोले, न्यायपालिका लोकतंत्र की रीढ़ है

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का वह सशक्त स्तंभ है, जो समाज में न्याय और समानता की अलख जगाता है। सशक्त न्याय व्यवस्था से ही नागरिकों में सुरक्षा का भाव आता है। उन्होंने कहा कि देश में लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने न्याय की परिभाषा को बदलने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोधपुर में आयोजित बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।




### नवनिर्मित भवन लोकतंत्र को और मजबूत करेगा

सीएम शर्मा ने कहा कि बार काउंसिल ऑफ राजस्थान का नया भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जो वर्तमान की जरूरतों को पूरा करने के साथ भविष्य की पीढ़ियों को भी मार्गदर्शन देगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह भवन लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाएगा और अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणादायक केंद्र बनेगा।

### नई अदालतों का सृजन और जजों की नियुक्ति पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायपालिका किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है और हर नागरिक न्याय की उम्मीद लेकर न्यायालय के द्वार पर आता है। उन्होंने बताया कि सरकार जिला स्तर पर नई अदालतों का सृजन कर रही है और नए जजों की नियुक्ति भी तेज़ी से की जा रही है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय मिलना ही असली विकास का पैमाना है। न्याय के साथ विकास तभी सार्थक होगा, जब आमजन की न्याय की आकांक्षाएं पूरी होंगी।

### अधिवक्ताओं को बताया न्याय प्रणाली की सबसे मजबूत कड़ी

सीएम शर्मा ने कहा कि अधिवक्ता समाज के शिल्पकार होने के साथ न्याय व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनकी तर्कशक्ति, ज्ञान और प्रतिबद्धता ही न्याय का आधार है। शर्मा ने कहा लोगों का भरोसा ही हमारी न्याय व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है, और इस विश्वास को मजबूत करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### अधिवक्ता कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ता कल्याण और बार काउंसिल के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनता के हित और न्याय की पहुंच को सरल बनाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

### जोधपुर में हुआ समारोह, न्याय जगत के दिग्गज रहे मौजूद

जोधपुर में आयोजित मुख्य समारोह में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संदीप मेहता, राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा, जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी, महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल भरत व्यास, बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चेयरमैन भुवनेश शर्मा, वाइस चेयरमैन देवेंद्र सिंह राठौड़ और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के को-चेयरमैन सुरेशचंद्र श्रीमाली सहित अनेक न्यायाधीश व वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। वहीं, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।।


## दिल थम गया...पर स्टीयरिंग नहीं छोड़ी : हार्ट अटैक के बाद भी ड्राइवर ने 50 किलोमीटर तक बस चलाई, यात्रियों को सुरक्षित पहुंचाया

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

राजस्थान रोडवेज के चालक ने इंसानियत और कर्तव्य का ऐसा उदाहरण पेश किया, जिसने हर किसी की आंखें नम कर दीं। उदयपुर से बूंदी जा रही रोडवेज बस के ड्राइवर रमेश बैरागी (48) को बिजोलिया के पास अचानक सीने में तेज दर्द हुआ। तबीयत बिगड़ने के बावजूद उसने बस नहीं रोकी और यात्रियों की सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता माना। दर्द से तड़पते हुए भी वो लगभग 50 किलोमीटर दूर बूंदी बस स्टैंड तक बस चलाते रहा।

जानकारी के अनुसार, जब बस बिजोलिया मार्ग से गुजर रही थी, तभी रमेश बैरागी ने सहचालक को बताया कि सीने में भारी दर्द हो रहा है। उसने तत्काल बूंदी डिपो प्रबंधक धनश्याम गौड़ को फोन कर अपनी स्थिति की जानकारी दी। डिपो से सहायता भेजने की बात कही गई, लेकिन रमेश ने जवाब दिया पहले यात्रियों को बूंदी पहुंचा दूं, फिर हॉस्पिटल चलूंगा। रास्ते में यात्रियों ने बताया कि ड्राइवर रमेश कई बार पसीना पोंछते हुए नजर आए, पर बस को पूरी सावधानी से चलाते रहे। न उन्होंने गति बढ़ाई, न वाहन पर नियंत्रण खोया। यात्रियों के अनुसार, वो दर्द से कराह रहे थे, मगर बस पर उनकी पकड़ ढीली नहीं हुई।

जब बस बूंदी बस स्टैंड पहुंची, तो उन्होंने हमेशा की तरह बस को सही स्थान पर खड़ा किया। यात्रियों को सुरक्षित उतरवाया । जैसे ही बस से



अंतिम यात्री नीचे उतरा, रमेश सीट पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद स्टाफ और अन्य ड्राइवरों ने तुरंत उन्हें जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बूंदी जिला चिकित्सालय के डॉ. निश्चिंत ने बताया कि जब रमेश को लाया गया, वे अचेत अवस्था में थे। सीपीआर और अन्य प्रयासों के बावजूद उनका दिल पहले ही काम करना बंद कर चुका था। डिपो प्रबंधक धनश्याम गौड़ ने कहा कि रमेश बैरागी ने अंतिम सांस तक अपनी ड्यूटी निभाई। उन्होंने हमें फोन पर बताया था कि तबीयत खराब है, लेकिन फिर भी यात्रियों को सुरक्षित बूंदी तक लेकर आए । यह उनके फर्ज और समर्पण का उदाहरण है। घटना की सूचना मिलते ही बिजोलिया और बूंदी रोडवेज डिपो में शोक की लहर दौड़ गई। सहकर्मियों ने कहा रमेश भाई ने सिर्फ बस नहीं चलाई, उन्होंने यात्रियों की जान बचाई। रमेश बैरागी की उम्र 48 वर्ष थी। वे पिछले 20 वर्षों से बूंदी डिपो में ड्राइवर पद पर कार्यरत थे। उदयपुर-बूंदी रूट पर उनकी सेवा को लेकर यात्रियों और अधिकारियों में हमेशा विश्वास रहा।

## प्राइवेट बसें नॉर्म्स के अनुसार हों, लोगों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता , डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा

भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर।

प्रदेश के डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता जनसुरक्षा और सुरक्षित यात्रा व्यवस्था है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्राइवेट बसें नॉर्म्स के अनुसार हों, हम यही चाहते हैं। मनमर्जी से बसों को मॉडिफाइड करना गलत है। हमें लोगों की जान की परवाह है और दोबारा ऐसी घटनाएं नहीं हों, इसके लिए परिवहन विभाग पूरी सख्ती से कार्रवाई कर रहा है।

बैरवा रविवार को अजमेर के एक होटल में आयोजित विवाह समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। यहां मीडिया से बातचीत में उन्होंने हाल ही में प्राइवेट बस संचालकों की हड़ताल और परिवहन विभाग की कार्रवाई को लेकर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बस मालिकों को डरने की जरूरत नहीं है, बसें नियमों के अनुरूप करें, किसी को परेशानी नहीं होगी। सरकार की मंशा लोगों की जान बचाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की है, न कि किसी को परेशान करने की। बैरवा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय रोडवेज की हालत खस्ता थी । तब महज 600 बसें थीं और हर दिन एक बस कंडम हो रही थी। वर्तमान में राज्य सरकार ने रोडवेज को मजबूत करने के लिए नई बसें खरीदी हैं। उन्होंने बताया कि आज 3200 बसें



रोजाना करीब 400 किलोमीटर का सफर तय कर रही हैं और गांव-गांव को जोड़ा जा रहा है। रोडवेज का राजस्व साढ़े पांच हजार करोड़ रुपए तक बढ़ चुका है।

बैरवा ने कहा कि सरकार यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा दोनों पर फोकस कर रही है। बसों का फिट होना, समयपालन और ड्राइवर-कंडक्टर का व्यवहार सब पर निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षित यात्रा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बातचीत के दौरान राजनीतिक सवालों पर डिप्टी सीएम बैरवा ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे, तब भारत आर्थिक दृष्टि से 11वें स्थान पर था, आज चौथे स्थान पर पहुंच गया है। भाजपा बिना वजन नहीं, विजन के साथ काम करती है जो कहती है, वही करती है। अंता उपचुनाव को लेकर उन्होंने आत्मविश्वास जताया कि भाजपा प्रत्याशी की ही जीत होगी। जनता अब समझ चुकी है कि विकास और स्थिरता सिर्फ भाजपा ही दे सकती है।

## दीवार फांदकर घर में घुसा चोर, महिला पर किया हमला, 9 लाख के सोने के आभूषण लूटे

### 8 दिन में चौथी चोरी, पुलिस गश्त पर उठे सवाल, ग्रामीणों में आक्रोश



भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

कस्बे के गुर्जर बस्ती वार्ड नंबर 4 में शनिवार देर रात चोरों ने एक बार फिर वारदात को अंजाम दिया। चोर दीवार फांदकर घर में घुसा और कमरे में सो रही महिला के गले से सोने के आभूषण दांतली से काट लिए। नींद खुलने पर महिला ने विरोध किया तो चोर ने उस पर दांतली से हमला कर दिया और करीब 9 लाख रुपये के आभूषण लेकर फरार हो गया। यह घटना पिछले 8 दिन में कस्बे की चौथी चोरी है, जिससे इलाके में दहशत और पुलिस की गश्त पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, गुर्जर बस्ती निवासी भंवरलाल गुर्जर के घर में शनिवार रात एक अज्ञात चोर दीवार फांदकर घुसा। घर के बरामदे वाले कमरे में भंवरलाल की पत्नी रामू देवी (55) सो रही थीं। चोर ने रामू देवी के गले से दांतली की सहायता से सोने की बाली (3 तोला), रामनवमी (1 तोला), मांदलिया (4 तोला) और मोती सहित कुल करीब 9 लाख के जेवर काट लिए। इसी दौरान रामू देवी की नींद खुल गई। उन्होंने चोर को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन चोर ने दांतली से उन पर हमला कर दिया और जेवर लेकर भाग गया। महिला के शोर मचाने पर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, मगर तब तक चोर फरार हो चुका था।

इसी रात कस्बे के भेरूनाथ मंदिर के पास, सहकारी समिति के पीछे स्थित लोकेश नागौरी के गोदाम में भी चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोरों ने गोदाम का ताला तोड़कर अंदर रखी पुरानी मशीनरी को निशाना बनाया। चोर वहां से दो पत्तल-दोना बनाने की मशीनें, दो कंप्रेसर और अन्य उपकरण चोरी कर ले गए। चोरी गई मशीनरी की कुल कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, गोदाम में मशीनें लंबे समय से पड़ी थीं और चोरों ने सुनसान इलाका देखकर वारदात को अंजाम दिया। बीगोद कस्बे में बीते आठ दिनों में लगातार चोरियों की श्रृंखला जारी है। इससे पहले गाडोलिया बस्ती में दो घरों को निशाना बनाया गया था। चोरों ने राजू पिता गोपी गाडोलिया और माधो पिता खाना गाडोलिया के घरों में दीवार फांदकर घुसकर लगभग 50 हजार रुपये के चांदी के जेवर, कंबल और अन्य सामान चोरी कर ले गए थे।

पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने 27 अक्टूबर को बीगोद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, लेकिन 7 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस मौका-मुआयना करने नहीं पहुंची। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया है। ग्रामीणों ने कहा कि थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त केवल नाम की रह गई है। रात के समय पुलिस की कोई गतिविधि नजर नहीं आती, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से कस्बे में गश्त बढ़ाने और लगातार हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

सूचना मिलने पर बीगोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थलों का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की गई है और जल्द ही मामलों का खुलासा किया जाएगा।

## भाजपा सरकार पर टीकाराम जूली का हमला बोले, पशुपालकों को मिला धोखा, मुफ्त पशुधन बीमा बना सिर्फ जुमला

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में पशुपालकों को मुफ्त पशुधन बीमा का बड़ा वादा किया था, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी यह केवल कागजों तक सिमटकर रह गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नाकामी के कारण लाखों पशुपालक नुकसान झेलने को मजबूर हैं, जबकि भाजपा ने उन्हें चुनावी वादों से गुमराह किया।

**कांग्रेस सरकार की योजना ठंडे बस्ते में डाली**

जूली ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय कामधेनु पशु बीमा योजना को अंतिम चरण तक पहुंचा दिया गया था । पंजीकरण पूरा हो चुका था, केवल सर्वे का कार्य शेष था। लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा ने इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने लगभग एक वर्ष तक कोई नई पशु बीमा योजना शुरू नहीं की, जिससे प्रदेश के पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

**वादे अधूरे, दावे नामंजूर**

टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा की 2024-25 की बजट घोषणा को अत्यंत धीमी गति से लागू किया गया और अब 2025-26 में केवल सीमा बढ़ाने की घोषणा कर जनता को भ्रमित किया जा रहा है। जूली ने कहा कांग्रेस सरकार के समय लगभग 80 लाख पशुओं का बीमा पंजीकरण हुआ था, जबकि भाजपा शासन में यह घटकर मात्र 20 लाख रह गया है।


जूली ने विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि अब तक करीब 9 हजार बीमा दावे प्रस्तुत हुए हैं, जिनमें से केवल 700 दावे ही स्वीकृत हुए हैं यानी 10 प्रतिशत से भी कम।

**भाजपा की संवेदनहीनता उजागर**

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह स्थिति भाजपा सरकार की किसानों और पशुपालकों के प्रति असंवेदनशील मानसिकता को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान देश का दूसरा सबसे अधिक पशुधन वाला राज्य है, फिर भी भाजपा ने इस वर्ग को केवल वोट बैंक के रूप में देखा। वादे तो कर दिए, लेकिन उन वादों में अब कोई जान नहीं बची है।

**राज्य सरकार शीघ्र लागू करे व्यापक बीमा योजना**

जूली ने मांग की कि राज्य सरकार तुरंत एक प्रभावी और व्यापक पशुधन बीमा



योजना लागू करे, जिससे पशुपालकों को वास्तविक सुरक्षा मिल सके और अब तक हुए नुकसान की भरपाई की जा सके।

उन्होंने कहा कि वे भाजपा के घोषणा पत्र में किए गए झूठे वादों और उनकी हकीकत से आमजन को लगातार अवगत कराते रहेंगे, ताकि जनता को सच्चाई का पता चल सके।

CMYK

# सिंगोली शाम चारभुजा जी को स्वर्ण मुकुट व तिलक अर्पित




भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़। भक्ति, आस्था और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश करते हुए बनेड़ा के गणेशपुरा निवासी चंपालाल पुत्र नंदराम जाट एवं रतनलाल-दिनेश कुमार जाट परिवार ने सिंगोली स्थित भगवान शाम चारभुजा जी को सोने का मुकुट एवं तिलक भेंट किया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुकुट और तिलक का विधिवत पूजन कर भगवान को अर्पित किया गया।

भेंट किए गए स्वर्ण मुकुट व तिलक का कुल वजन 94 ग्राम 280 मिलीग्राम है, जिसकी मजदूरी सहित कुल लागत 11 लाख 54 हज़ार 916 रही।

# ट्यूबवेलों की केबल चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा। जिले की बनेड़ा थाना पुलिस ने केबल चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से ग्रामीण इलाकों में कुओं और ट्यूबवेलों से बिजली के केबल चोरी कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने मांडल, रायला और सदर थाना क्षेत्र में भी चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है।

पुलिस ने कार्रवाई बनेड़ा थानाधिकारी मुलचंद वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की 30 अक्टूबर को मानपुरा निवासी जगदीश गुर्जर ने रिपोर्ट दी कि उसके खेत के कुएं से करीब 400 फीट लंबी केबल चोरी हो गई है। बाद में महुआखुर्द और बरण से भी इसी तरह की चोरी की रिपोर्ट दर्ज हुई।

टीम ने घटनास्थलों का निरीक्षण कर सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण के साथ पुराने अपराधियों से पूछताछ की। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस ने मामले में राधेश्याम पिता गणपत भील (20) निवासी महुआखुर्द, शिवराज पिता गणपत भील (25) निवासी महुआखुर्द और सुरेश पिता शंकर भील (28) निवासी महुआखुर्द को गिरफ्तार किया है ।



तीनों ने जिले के कई क्षेत्रों में केबल चोरी की वारदातें कबूल की हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी 15 से 20 दिन के अंतराल में विभिन्न गांवों में जाकर केबल निकालते थे और उसे बेचकर खर्च चलाते थे।

# अवैध शराब के खिलाफ भड़का जनआक्रोश, रात में थाने का घेराव, ग्रामीण बोले अब आंदोलन करेंगे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा। मंगरोप कस्बे के रैगर मोहल्ले में लंबे समय से चल रही अवैध शराब बिक्री से परेशान लोगों का सब्र आखिर टूट गया। शनिवार देर रात ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सामूहिक धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

ग्रामीणों ने बताया कि मोहल्ले में एक व्यक्ति द्वारा लंबे समय से अवैध शराब की ब्रांच चलाई जा रही है, जहां रोज देर रात तक नशे में धुत लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। लोगों का कहना है कि शराबी सड़क पर ही टॉयलेट करते हैं, भद्दी गालियां देते हैं और महिलाओं-बच्चों से अभद्र व्यवहार करते हैं। हालात यह हैं कि महिलाओं का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है।

ग्रामीण लक्ष्मी देवी रैगर ने बताया की करीब दो माह पहले भी इस मामले में पुलिस को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से आरोपी अब खुली धमकियां देने लगा है। परेशान ग्रामीण शनिवार देर रात बड़ी संख्या में मंगरोप थाने पहुंचे



और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस को पहले ही कई बार सूचना दी गई, फिर भी किसी तरह की सख्त कार्रवाई नहीं की गई।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस की अनदेखी से ही आरोपी का हौसला बढ़ा है और अब वह जो करना है कर लो जैसी बातें कहकर लोगों को धमकाता है।

ग्रामीणों ने थाने में हंगामे के दौरान साफ कहा कि यदि अवैध शराब बिक्री पर तुरंत रोक नहीं लगाई गई, तो वे धरने पर बैठ जाएंगे और आंदोलन को व्यापक बनाएंगे।

इस दौरान पप्पूलाल रैगर, शंभुलाल, नारायण, कन्हैयालाल, महावीर, शांति देवी, सीतादेवी, बादामदेवी, राधादेवी, मूलीदेवी सहित रैगर समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# खेत में जहरीले जीव के काटने से किसान की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया । राणा जी का गुड्डा गांव में शनिवार रात एक किसान की खेत पर काम करते समय जहरीले जीव के काटने से मौत हो गई। एएसआई नरेश सुखवाल ने बताया की रामस्वरूप बैरागी (47) पुत्र नानूराम बैरागी, निवासी राणा जी का गुड्डा, रात में खेत में भरे पानी को पावड़े से बाहर निकालने का काम कर रहा था । इसी दौरान किसी जहरीले जीव के काटने से उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई।



सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुची और शव को कब्जे में लेकर क़स्बा स्थित अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया है । पुलिस ने मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा। (मूलचंद पेसवानी)उपखंड क्षेत्र के रहड़ गांव के पास रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को मोर्चरी में रखवाया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस ने बताया की रहड़ निवासी बन्नालाल 45 वर्ष पुत्र लक्ष्मण माली, हीरालाल 61 वर्ष पुत्र कल्याण माली और भैरूलाल 60 वर्ष पुत्र छोगा माली रविवार शाम बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।



टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बन्नालाल उछलकर ट्रक के टायरों के नीचे जा गिरा और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, हीरालाल और भैरूलाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही शाहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को राजकीय अस्पताल शाहपुरा पहुंचाया गया। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है।

पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। वाहन को जब्त कर लिया गया है और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# भीमगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 15 बाइक बरामद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा। शहर में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाते हुए भीमगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर 15 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

पुलिस द्वारा कार्रवाई थानाधिकारी गजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया कि बीते 18 अक्टूबर को कृष्ण कुमार चौधरी निवासी टोंक ने रिपोर्ट दी थी कि एमजीएच परिसर से उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण, चालानशुदा अपराधियों से पूछताछ और मुखबिरों की सहायता से अपराधियों का सुराग जुटाया। जांच में संदिग्ध सत्यनारायण उर्फ विक्रमसिंह निवासी भादू, माण्डल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया और अपने साथियों सम्पतसिंह चौहान बरांटिया, हमीरगढ़ व गणेश गुर्जर भगवानपुरा, नीमच एमपी के नाम भी उजागर किए। जिसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार



कर उनके कब्जे से कुल 15 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की। पुलिस मामले में अग्रिम अनुसंधान में जुटी है ।

# अन्नपूर्णा रसोई का आकस्मिक निरीक्षणः स्वच्छता और गुणवत्ता पर जोर ,आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा। (मूलचंद पेसवानी) नगर पालिका आयुक्त रिंकल गुप्ता ने रविवार को नगर क्षेत्र में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। गुप्ता ने नया बस स्टैंड और मुसाफिर खाना के पास स्थित रसोई का जायजा लेते हुए भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था और संचालन प्रणाली की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संबंधित संवेदकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रसोई में पूर्ण स्वच्छता, उच्च गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री और समयबद्ध संचालन सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।आयुक्त रिंकल गुप्ता ने निर्देशित किया कि रसोई में साफ-सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए और तैयार भोजन की गुणवत्ता पर किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा रसोई जनता के



लिए सेवा का माध्यम है, इसलिए इसमें पारदर्शिता और अनुशासन जरूरी है। गुप्ता में इस दौरान स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए, अन्यथा संबंधित संवेदक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान पालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक हेमन्त दत्त पौण्डरिक भी उपस्थित रहे। उन्होंने रसोई की साफ-सफाई, भंडारण व्यवस्था और जल स्रोत की गुणवत्ता की जांच की।

# ढ़ेलाणा चारभुजा नाथ मंदिर पर मनाया दीपोत्सव




भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ( सांवर वैष्णव ):- कस्बे के निकटवर्ती ढ़ेलाणा गांव में देव उठनी एकादशी व छोटी दीपावली के पावन पर्व पर चारभुजा नाथ मंदिर पर दीप उत्सव मनाया गया । पुजारी भंवर दास वैष्णव ने बताया कि देवउठनी एकादशी व छोटी दीपावली के पावन पर्व ढ़ेलाणा चारभुजा नाथ मंदिर पर दीपोत्सव मनाया गया, जहां चारभुजा नाथ मंदिर पर संध्या आरती के समय 151 दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया । वही चारभुजा नाथ से गांव में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की । इस दौरान विशाल जाट, अंशुल जाट, पंकज वैष्णव, कमलेश जाट, खुशी जाट, कोमल जाट, रिंकू जाट, कुसुम लता वैष्णव, अक्षत जाट, देवा जाट, खुशबू वैष्णव, संदीप वैष्णव आदि कई मौजूद रहे ।



QUICK BITES

## नेत्र फॉलोअप शिविर में 35 मरीजों की जांच

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



(दिलखुश)। लायंस क्लब ने रविवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया । डीडी नेत्र फाउंडेशन, कोटा के सहयोग से आयोजित नेत्र फॉलोअप शिविर में कुल 35 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। यह शिविर स्व. अनोप देवी एवं स्व. लादूराम सुवालका की पुण्य स्मृति में सुवालका परिवार द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष लायन रामेश्वर प्रसाद सुवालका, कोषाध्यक्ष लायन अविनाश कोठारी, सचिव अशोक कुमार जैन, लायन वीरेंद्र सिंह चौहान, लायन मनोज सैनी, डॉ. निखिल एवं प्रदीप शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में जांच कार्य डॉ. निखिल एवं कम्पाउंडर प्रदीप शर्मा द्वारा किया गया।

राजस्थान पत्रकार परिषद भीलवाड़ा की कार्यकारिणी में तीन नई नियुक्तियाँ

## नागौरी विधि सलाहकार, शर्मा कोषाध्यक्ष व खोतानी मीडिया प्रभारी नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राजस्थान पत्रकार परिषद, की जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर ने तीन महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियाँ की हैं। परिषद में महेंद्र सिंह नागौरी को विधि सलाहकार, सुनीता शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा भगवान दास खोतानी (पिंकू) को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

जीनगर ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार परिषद की शेष कार्यकारिणी का गठन भी शीघ्र ही किया जाएगा । इस अवसर पर भगवान सिंह, देवेन्द्र सिंह नाथावत, राजकुमार गोयल, रतनलाल आचार्य, देवकरण सैनी, समाजसेवी एवं यूनेस्को के निवर्तमान अध्यक्ष चेतन मानसिंहका सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। तीनों नव नियुक्त पदाधिकारियों को कार्यकारिणी के सदस्यों एवं उपस्थित पत्रकारों ने शुभकामनाएं दीं।

# इंटेक द्वारा विरासत संरक्षण के कार्य अद्भुतः जिला न्यायाधीश राजेश जैन

### विरासत संरक्षण में योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

इण्डियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) भीलवाड़ा चैप्टर द्वारा प्रकृति एवं विरासत संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को अद्भुत और प्रेरणादायी बताते हुए जिला न्यायाधीश राजेश जैन ने सराहना की। वे रविवार को होटल नंदिनी में आयोजित स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

न्यायाधीश जैन ने कहा कि प्रकृति और विरासत का संरक्षण केवल किसी संस्था या समूह की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहरों की सुरक्षा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।




इस अवसर पर इंटेक द्वारा विरासत एवं पुरातत्व संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु आयोजित विभिन्न विद्यालय स्तरीय गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में सहयोग करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। कन्वीनर बाबूलाल जाजू ने बताया कि पिछले वर्षों में विरासत सलाह और छात्र भागीदारी में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों – विरेंद्र शर्मा, अल्पा सिंह, ऋतु दाधीच, मंजू छीपा, रुचि रस्तोग, प्रीति जैन, विजय शर्मा, चंदना मेहता, भाग्यश्री जैन और श्यामलाल खटीक को प्रशंसा-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय प्रतियोगिता प्रभारी गुमानसिंह पीपाड़ा ने इंटेक संस्था के उद्देश्यों, चल रहे कार्यक्रमों तथा विरासत संरक्षण से जुड़े प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक सीए दिलीप गोयल ने बताया कि समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश राजेश जैन एवं अधिवक्ता मुकेश जैन का सम्मान कर की गई।

इंटेक सदस्यों ओ.पी. हिंगड़, रतनलाल दरगड़, अब्बास अली बोहरा, मुकेश अजमेरा, दिनेश अरोड़ा, संदीप पोरवाल, आशीष पोरवाल, अनुग्रह लोहिया, ओमप्रकाश सोनी, रामगोपाल अग्रवाल, सुरेश सुराना, हरक लाल बिश्नोई, राजीव दाधीच और बिलेश्वर डाड़ ने भी कार्यक्रम में भाग लेते हुए विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए तथा विरासत संरक्षण के प्रति अपने अनुभव साझा किए।

समारोह में सबने मिलकर संकल्प लिया कि प्रकृति एवं सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा हेतु जनजागरूकता अभियान को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा तथा युवा पीढ़ी को इस दिशा में प्रेरित किया जाएगा।

## नशा मुक्ति अभियान के निमित्त बजरंग दल कराएगा रन फॉर हेल्थ

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

(किशन वैष्णव) बजरंग दल द्वारा चलाए जा रहे संस्कार सप्ताह के अंतर्गत नशा मुक्त युवा, विकसित भारत विषय पर प्रखंड शाहपुरा की बैठक विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष जयेंद्र सिंह राणावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में बजरंग दल विभाग संयोजक धनराज वैष्णव ने केन्द्रीय योजना के अनुसार आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि बजरंग दल शीघ्र ही रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्चक्र से बचाना तथा एक सशक्त और विकसित राष्ट्र के निर्माण में उनकी भूमिका सुनिश्चित करना है।इस अवसर पर विभाग मंत्री विजय ओझा ने सभी कार्यकर्ताओं को नशा मुक्ति अभियान को जन-आंदोलन के रूप में सफल बनाने का आह्वान किया।बैठक में प्रांत सह गौरक्षा प्रमुख रामेश्वर लाल, सह जिला मंत्री कैलाश धाकड़, विशेष जिला संपर्क प्रमुख विनोद सनाढ्य, प्रखंड अध्यक्ष राजेश सिंह राणावत, उपाध्यक्ष नरेश व्यास, प्रखंड मंत्री महावीर कहार, सह मंत्री श्याम सुंदर, प्रखंड संयोजक विष्णु सुखवाल, सह



संयोजक सुरेश कुमावत, खंड संयोजक किशन वैष्णव, सह संयोजक किशन साहू, शाहपुरा खंड संयोजक कमलेश कुमावत, नगर मंत्री अजय विक्रम सिंह, नगर संयोजक अनिल पायक, पूर्व प्रखंड संयोजक महेंद्र रायका सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में 7 जोडों का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न

### भामाशाहों ने दिया कन्यादान व सामग्री उपहार

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

श्री नामदेव छीपा समाज आम मेवाड़ महासभा के तत्वावधान में मां बंक्यारानी शक्तिपीठ आमेसर, आसींद में रविवार को भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 7 जोडों का पाणिग्रहण संस्कार विधिवत रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान मंदिर आमेसर से मां बंक्यारानी शक्तिपीठ तक शोभायात्रा के साथ हुआ। समाज के पुरुष, महिलाएं, युवतियां गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते हुए बिंदोली में शामिल हुए। विवाह स्थल पर तोरण-द्वार के साथ पारंपरिक रस्में निभाई गई। लगभग 2500 समाजजन इस शुभ अवसर के साक्षी बने।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम सोपुरा, कृष्ण गोपाल नैनीवाल, प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश श्रेष्टि, प्रांतीय युवा महामंत्री कपिल मेडतवाल, जयपुर जिला हितकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र कुमार तोनगरिया, पूर्व प्रांतीय महामंत्री राधेश्याम धनोपिया, मेवाड़ महासभा अध्यक्ष हरकलाल मिलकरा, महामंत्री राजा राम





नरबाण सहित कई गणमान्य अतिथि मंचासीन रहे। स्थानीय स्तर पर नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू, महासभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंदकिशोर जोशी, भंवरलाल बंबोरिया, रतनलाल डिग्गीवाल, फड चित्रकार प्रकाश चंद्र जोशी सहित अनेक समाजसेवियों की उपस्थिति रही।

सामूहिक विवाह सम्मेलन के महामंत्री सत्यनारायण सरावगी ने बताया कि मां बंक्यारानी को महाप्रसाद का भोग लगाकर प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को दैनिक उपयोग सामग्री एवं 11,001 रुपये नकद कन्यादान में भेंट किए गए। मुख्य वेदी की बोली सत्यनारायण जड़िया ने 81,000 रुपये तथा घोड़े पर बैठने की बोली 15,000 रुपये देकर अभिषेक मिल्करा ने अपने नाम की। इस अवसर पर आरएएस चयनित हर्षित कुमार धनोपिया का समाज द्वारा सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि श्री राम सोपुरा एवं कृष्ण गोपाल नैनीवाल ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसी पहल महंगी शादियों पर रोक, सामाजिक एकता, सद्भाव और समाज के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है। इससे युवाओं को शिक्षा, रोजगार और समाज सेवा की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मंच संचालन भरत कुमार सेतूरिया ने किया। कार्यक्रम में मां बंक्यारानी ट्रस्ट अध्यक्ष चर्मीचंद गुर्जर, कोषाध्यक्ष देवीलाल गुर्जर, जिला परिषद सदस्य सुंदरलाल मेघवंशी, प्रधान प्रतिनिधि उदयलाल खटीक सहित अनेक समाजसेवियों ने सहयोग प्रदान किया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# चावंडिया में पीपल विवाह व हरि बोल प्रभात फेरियां से गूंजा भक्ति का माहौल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

(सांवर वैष्णव)। क्षेत्र के पक्षी ग्राम चावंडिया में रविवार को देवउठनी एकादशी के अवसर पर भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर पीपल विवाह के साथ हरि बोल प्रभात फेरी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।





कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11:15 बजे चारभुजानाथ मंदिर से हुई, जहां से चारभुजानाथ की शोभायात्रा और हरि बोल प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। बैंड, ढोलक, मंजीरों और छ्द्ध की मधुर तालों पर भक्तगण भक्ति भाव में झूमते हुए गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरे। शोभायात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर ठाकुर जी का स्वागत किया और भगवान को भोग लगाया। चारभुजानाथ, देवनारायण, माताजी, बालाजी और सांवरिया सेठ के भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस आयोजन में आसपास के 30 गांवों की प्रभात फेरी मंडलियां शामिल हुईं, जिससे पूरा गांव भक्ति रस में सराबोर हो गया। शोभायात्रा और प्रभात फेरियां चामुंडा माता मंदिर प्रांगण में संपन्न हुईं, जहां प्रसाद वितरण किया गया।

रात्रि 9:15 बजे भगवान देवनारायण और पीपल का विवाह संस्कार वैदिक विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। इससे पूर्व शनिवार रात मदनलाल पुरोहित गेगा का खेड़ा के मुखारविंद से तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कार्यक्रम का समापन हुआ।

## वीर सेवा संघ का दीपावली स्नेह मिलन सम्पन्न , आरएएस प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

वीर सेवा संघ द्वारा विद्यासागर वाटिका में दीपावली स्नेह मिलन समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिगंबर जैन प्रोफेशनल फोरम का प्रथम अधिवेशन भी सम्पन्न हुआ, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों आरएएस, डॉक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट, सीए, सीएस, पत्रकार, टीचर, बैंकर्स सहित लगभग 134 प्रोफेशनल्स उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन सुभाष हुमड, संरक्षक एन.सी. जैन, सनत अजमेरा, अजय झांझरी, प्रवीण चौधरी, सुरेश कोठारी, वाइस चेयरमैन नरेश गोधा, राजकुमार सेठी एवं मुकेश पटौदी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य वक्ता प्रवीण चौधरी ने कहा कि समाज में प्रोफेशनल्स द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना उनके समर्पण, विशेषज्ञता और समाज के प्रति योगदान को सम्मानित करने का प्रतीक है। कार्यक्रम में हाल ही में आरएएस में चयनित सुरभि जैन व आंशिका जैन का सामाजिक अभिनंदन किया गया। संस्था चेयरमैन सुभाष हुमड ने आगामी समय में राष्ट्रीय स्तर पर परिचय सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की। कार्यक्रम को नरेश गोधा, सीमा जैन गोधा, प्रदीप जैन लुहाड़िया, प्रतीक शाह, विभोर गोधा ने भी संबोधित किया। समारोह के सफल संचालन में सुनील पाटनी, अजय बाकलीवाल, संजय झांझरी, दिलीप अजमेरा, याचिका चौधरी, वीणा मंगल, मीना जैन, नीना पंचोली सहित कई लोगो का सहयोग रहा। समारोह में लगभग 600 सदस्य उपस्थित रहे ।

# कारोई में मां गायत्री व मंशा महादेव की प्राण प्रतिष्ठा, तुलसी व पीपल विवाह के साथ गूंजे भक्ति गीत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राष्ट्रीय राजमार्ग 758 पर स्थित ज्योतिष नगरी कारोई में रविवार को पंडित कैलाशचंद्र व्यास व पंडित कमलेश व्यास परिवार द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मां गायत्री के नवनिर्मित मंदिर में मां गायत्री व मंशा महादेव की प्राण प्रतिष्ठा, श्री चारभुजा नाथ के संग तुलसी विवाह तथा देवनारायण भगवान के संग पीपल विवाह का आयोजन किया गया। इन धार्मिक आयोजनों से पूरे कारोई नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में भक्ति व उल्लास का वातावरण रहा ।

रविवार सुबह वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच मां गायत्री और मंशा महादेव की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। आयोजनकर्ताओं द्वारा पत्थर पर नक्काशी कर आकर्षक व सुंदर मंदिर का निर्माण कराया गया, जहां श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में दर्शन किए। श्री चारभुजा नाथ बड़ा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अवधेश सिंह राणावत के नेतृत्व में देवनारायण भगवान की शोभायात्रा घोड़े पर सवार होकर पीपल विवाह हेतु रवाना हुई। विवाह उपरांत ठाकुरजी की बारात हाथी-घोड़ों, डीजे, मंजीर व भक्ति धुनों के साथ मिस्टी वंश वाटिका पहुंची, जहां पंडित कैलाशचंद्र व कमलेश व्यास परिवार ने भव्य स्वागत किया। शाम को गोधूलि बेला में हजारों श्रद्धालुओं और देवमूर्तियों की उपस्थिति में ठाकुरजी का तुलसी माता संग विवाह संपन्न हुआ।



विवाह के बाद नर्बदा देवी धर्मपत्नी कैलाशचंद्र व्यास और वंदना देवी धर्मपत्नी कमलेश व्यास द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध भजन गायक नरेश प्रजापत ने ठाकुरजी के मधुर भजन प्रस्तुत किए, जिन पर भक्तजन देर रात तक झूमते रहे। बड़ा मंदिर ट्रस्ट कोषाध्यक्ष चंदन समदानी ने बताया कि ठाकुरजी को दूल्हे के रूप में सजाया गया। उनके लिए विशेष पीताम्बर बागा तैयार कराया गया, जिसे कोटड़ी श्याम व सांवरिया सेठ के कारीगरों ने डायमंड व मोतियों के श्रृंगार से निर्मित किया।

# हुतात्मा दिवस पर रक्तदान शिविर में उमड़ा उत्साह, 612 यूनिट रक्त संग्रहित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में शहीद हुए रामभक्तों की स्मृति में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से रविवार को हुतात्मा दिवस के अवसर पर जिलेभर में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं में रक्तदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शिविरों के माध्यम से भीलवाड़ा जिले में कुल 612 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जिसमें भीलवाड़ा महानगर में 384 यूनिट, गुलाबपुरा में 174 यूनिट और पुर में 54 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ।

मोक्षधाम स्थित बलराम व्यायामशाला में हुआ मुख्य आयोजन - मुख्य रक्तदान शिविर का आयोजन शास्त्री नगर स्थित बलराम व्यायामशाला में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ



काठियाबाबा हनुमान टेकरी संत बनवारीशरण महाराज, हाथीभाटा आश्रम संत दास महाराज, प्रांत के विनीत द्विवेदी, विभाग मंत्री विजय ओझा, महानगर अध्यक्ष रामप्रकाश बहेडिया, उपाध्यक्ष भारत गेंगट व आशुतोष सिंह, महानगर सहमंत्री सुशील सुवालका तथा सौम्या मेहता द्वारा भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि अखिल भारतीय योजना के तहत यह आयोजन किया गया। शिविर के दौरान युवाओं ने भारत माता की जय, हर-हर महादेव, जय श्रीराम, और देश का बल बजरंग दल जैसे जयघोषों के बीच रक्तदान किया।

### सातों प्रखंडों के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर की भागीदारी

रक्तदान शिविर में रामस्नेही हॉस्पिटल ब्लड बैंक, कोटड़ी श्याम ब्लड बैंक और महात्मा गांधी चिकित्सालय ब्लड बैंक की टीमों द्वारा रक्त संग्रह किया गया। शिविर में सातों प्रखंडों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और इसे सफल बनाया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूदः

ओमप्रकाश अग्रवाल, यशोदा मंडोवरा, भारती आसवनी, कलावती सोनी, संजय सेन, सुमित खंडेलवाल, अभिषेक पाराशर, घनश्याम खंडेलवाल, विकास सुवालका, अनिल भाटिया, श्याम शर्मा, बाबूलाल सेन, कमल राजपुरोहित, रमेश नागर, प्रीतेश जेथलिया, दिनेश सालवी, बृजेश पारीक, श्याम ओझा, धीरज शर्मा, रोहित सेन, रवि सोनी, सतु बजरंगी, सुनील उपाध्याय, सुनील त्रिवेदी, शुभम मिश्रा, ऋतिक जगत्यानी, कैलाश साहू, शुभम त्रिपाठी, अर्जुन साहू, नवीन आर्य, महेंद्र वैष्णव, विकास दाधीच, बबलू जाट, भानुप्रताप सिंह रावत, विजय कसारा, ऋषिराज हाड़ा, देवेंद्र सिंह, पप्पू साहू, भंवरसिंह नाथावत, सोनू आचार्य, साँवर माली, विष्णु सिखवाल, हंसराज लोधा, सुमित शर्मा, विवेक सिंह, सुरेश शर्मा, जतिन शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## QUICK BITES

### बाकरा में स्मार्ट स्टेप पुस्तकालय का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



ग्रामीण शिक्षा को नई दिशा देने की पहल के तहत बाकरा गांव में स्मार्ट स्टेप पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। यह आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पुस्तकालय न केवल बाकरा, बल्कि आसपास के गांवों के विद्यार्थियों के लिए अध्ययन का केंद्र बनेगा।

स्मार्ट स्टेप पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए फ्री वाई-फाई, एसी अध्ययन कक्ष, चार्जिंग प्वाइंट, समाचार पत्र-पत्रिकाएं, शुद्ध पेयजल, सीसीटीवी सुरक्षा और छात्राओं के लिए अलग सीटिंग व्यवस्था जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही यहां करियर काउंसलिंग और एक्सपर्ट टॉक भी आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में पीईओ सोजीराम मीणा, रामलाल रैगर, रामेश्वर मीणा, शिवराज मीणा, धर्मचंद मीणा, केनपाल मीणा, राष्ट्रीय कवि राजकुमार बादल, नर्सिंग ऑफिसर रमेश मीणा, अंजनी शर्मा, वार्ड पंच सत्यनारायण सेन, राकेश खटीक, रामनारायण मीणा और रामसिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक मनीष राज बादल ने किया।

### विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित, 55 यूनिट रक्त एकत्रित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



उपनगर पुर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मंडी के बालाजी के सामने भारद्वाज वाटिका में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजक दिनेश माली ने बताया कि यह शिविर अयोध्या में शहीद हुए कारसेवकों की स्मृति में हुतात्मा दिवस के रूप में आयोजित किया गया।


शिविर में 55 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

शिविर में महिलाओं ने भी रक्तदान कर सेवा भावना का परिचय दिया। रक्त संग्रह कार्य अरिहंत हॉस्पिटल की टीम द्वारा किया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गोवर्धन विसर्जन के साथ मनाई गई छोटी दीपावली

### घर-घर दीपों से जगमगाया महुआ

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ**



(महावीर वैष्णव)। कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को छोटी दीपावली एवं देव उठनी ग्यारस का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे दिन धार्मिक वातावरण बना रहा। घरों के बाहर गाय के गोबर से बनाए गए गोवर्धन जी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। शाम होते ही घरों, दुकानों और आंगनों में दीप प्रज्वलित किए गए, जिससे पूरा कस्बा दीपों की रोशनी से आलोकित हो उठा। भक्तों ने भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आराधना कर समृद्धि और शुभता की कामना की। महिलाओं ने परंपरागत विधि से गोवर्धन पूजन व दीपदान कर पर्व की मर्यादा निभाई।

### स्वतंत्र राजपुरोहित बने लीगल एम्बिट के जिलाध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर के पत्रकार स्वतंत्र राजपुरोहित को उनके सामाजिक योगदान, जनसेवा की भावना और विधिक जागरूकता के प्रति समर्पण को देखते हुए लीगल एम्बिट संगठन के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। संस्था समाज में जनहित, विधिक जागरूकता, मानवाधिकार संरक्षण, तथा सूचना का अधिकार जैसे संवैधानिक अधिकारों के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यरत है। संगठन अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आमजन के बीच विधिक चेतना और न्यायिक पारदर्शिता को बढ़ाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाता है। राजपुरोहित संगठन में जन-जागरूकता अभियान, संगठनात्मक गतिविधियों में सहभागिता, अधिवक्ताओं और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय, तथा जनहित याचिकाओं और शिकायतों में सहयोग जैसे कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।